हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

12 हर व्यक्ति प्रतिदिन एक घंटा स्वच्छता के लिए...



12 जींद: अग्रोहा धाम में शादी करवाने पर दिया...



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव रामकली में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रामकली निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पडोसी रमेश से कहासुनी हो गई थी। उसी रंजिश के चलते रमेश तथा उसके बेटे विकास ने उस पर हमला कर दिया।

### कैथल: मारपीट में दो व्यक्ति घायल, केस

**कैथल।** कस्बा कलायत में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव ढूंढवा के संजू ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 अगस्त को जब महिला कॉलेज कलायत के सामने से गुजर रहा था तो राहुल, रविंद्र, अनिल व दो अन्य युवकों ने मिलकर ईंटों से हमला करते उसे घायल कर दिया।

### मृतक की चेन हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने सड़क हादसे में मारे गए युवक की सोने की चेन फोन व पर्स को गायब करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गांव समालखा पानीपत निवासी जसवीर ने 11 मार्च 2025 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत पांच दिसंबर 2024 को उसके बेटे की सफीदों बाईपास पर हादसे में मौत हो गई थी।

### चोरों ने किसानों के हजारों के तार चुराए

**कैथल।** जिले के गांव क्योड़क से चोर 22 सितंबर की रात को किसानों के खेतों में लगे हजारों रुपये के बिजली के तार चुरा कर ले गए। गांव क्योडक के धर्मपाल ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 22 सितंबर की रात को चोर उसकी व उसके पड़ोसी करनैल, सुरेश, विनोद, प्रेम, जसविंदर, सुरेश, महेंद्र तथा सोनू के खेतों में लगे बिजली के तार चुरा कर ले गए।

### आरोपी से तीन चोरी की बाइक बरामद

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने वाहन चोर का गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपित से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि गत 12 सितंबर खांडा की किरयाना दुकान से नकदी व सामान चोरी, बाइक, सरल केंद्र से चोरी की वारदात हुई थी।

### सेक्टर 19 से घर के सामने से कार चोरी

**कैथल।** कैथल के सेक्टर 19 से चोर एक मकान के सामने खड़ी गाड़ी चुरा कर ले गए। इस संबंध में सेक्टर 19 के डॉक्टर दिनेश कंसल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 की रात को कर उसके मकान के सामने खड़ी उसकी सेंट्रो गाड़ी चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रशासन का रात्रि ठहराव ईंटल कलां में 30 को

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 30 सितंबर को गांव ईंटल कलां के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सायं सात बजे से रात्रि ठहराव कार्यक्रम होगा। इस रात्रि ठहराव की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा करेंगे और आमजन की समस्याओं को मौके पर ही समाधान करेंगे।

### सीएमओ कार्यालय पर रोष प्रदर्शन का ऐलान

**जींद।** जिला के बहुउद्देशीय स्वास्थ्यकर्मी मांगों व समस्याओं को लेकर छह नवंबर को सिविल सर्जन कार्यालय के सममुख धरना व प्रदर्शन करेंगे। अधिकारियों द्वारा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को कामचोर बताने से जिला के स्वास्थ्य कर्मचारियों में भारी रोष है।

---

### मुख्यमंत्री ने पंचकूला में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में योजना का शुभारंभ और एप लांच किया

# दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना: कैथल में तीस हजार व जींद में 750 पात्र महिलाओं को हर माह मिलेंगे ₹2100

### नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण के कार्य का भी हुआ शुभारंभ

**महिलाओं ने करवाई अपनी स्वास्थ्य जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर पंचकूला में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ और मोबाइल ऐप लांच किया। योजना के तहत जींद में 750 व कैथल में करीब तीस हजार महिलाओं को लाभ मिलेगा। वहीं गुरूवार को जिला स्तर पर नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महिलाओं ने विशेष कैंप में अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़कर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया और मुख्यमंत्री का संबोधन प्रसारित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, विधानसभा उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली आदि मौजूद रहे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि दीन दयाल लाडो योजना से पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। इस योजना में पात्र महिलाओं की आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और वह परिवार हरियाणा का स्थाई निवासी हो या पिछले 15 वर्षों से हरियाणा में रह रहा हो। इस योजना का लाभ 23 वर्ष या उससे अधिक की महिलाएं उठा सकती हैं। योजना का आवेदन केवल लाडो लक्ष्मी एप के माध्यम से किया जा सकता है। जो एंड्राइड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध हैं। योजना की अधिक जानकारी लेने के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-4880500 भी जारी किया गया।




**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन चिल्लाना।



**जींद।** पुरानी बिल्डिंग का उद्घाटन करते डीसी व सीएमओ। *फोटो:हरिभूमि*

**महिलाओं को सशक्त बना रही सरकार**

विधानसभा उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने कहा कि कि महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलैंडर वितरित किए जा रहे है। राशन डिपो में भी महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया है। महिला स्वयं सहायता समूह को पांच लाख रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अनेकों पुरस्कार वितरित किये जा रहे है। हमारी बेटियां सुरक्षित हों और शिक्षित हो उसके लिए राज्य सरकार द्वारा जगह-जगह पर शिक्षण संस्थान खोले जा रहे है ताकि उन्हें दूर न जाना पड़े। इस अवसर पर एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डा. अनिल बिरला, सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली, उपायुक्त की धर्मपत्नी डा. सदफ माजिद, जिला कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार, डिप्टी सीएमओ डा. पाले राम, डा. रमेश पांचाल, डा. गौरव पूनिया, डिप्टी स्पीकर के निजी सचिव मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

**आयुष्मान कार्ड बांटे**

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने 70 साल से ऊपर की तीन बुजुर्ग महिलाओं कृष्णा देवी, फूलपति तथा शारदा को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। सरकार की योजना के अनुसार लाभपात्र सालाना पांच लाख रूपये तक का स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। योजना का लाभ सरकारी तथा पैनलबद्ध अस्पतालों में लिया जा सकता है।



पूर्व विधायक लीला राम व भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी दीप प्रज्ज्वलित करते।

### कैथल: मील का पत्थर साबित होगी लाडो लक्ष्मी योजना : पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा फैसला करते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की है। यह योजना महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस योजना को लागू करके अपने चुनावी वायदे को पूरा कर साबित कर दिया है कि वे केवल कहते ही नहीं बल्कि करके दिखाते हैं। लीला राम वीरवार को जिला नागरिक अस्पताल में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुई। अतिथिगणें ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर सहित महिलाओं के पंजीकरण के लिए लगाए गए हेल्प डेस्क का अवलोकन किया।

---



**ढांड।** कालेज प्राचार्य डा.ऋषिपाल डा. सोनिया को सम्मानि करते।

**सोनिया को विवि मान्यता पुरस्कार**

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल में 57वें राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज इकाई द्वारा राज्य स्तरीय ऑनलाइन जागरूकता प्रश्नोत्तरी "राष्ट्रीय सेवा योजना को जानिए" का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं में सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना जागृत करती है तथा उन्हें समाज की वास्तविक चुनौतियों को समझकर उनके समाधान का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करती है। यही कारण है कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थी जीवन को सार्थक दिशा देती है।कार्यक्रम की संयोजिका एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नैन्सी गुलाटी ने बताया कि इस क्विज का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना समिति एवं सलाहकार समिति के सभी सदस्यों – डॉ. संदीप कुमार, डॉ. पुष्पा, डॉ. राजीव कुमार गाबा, डॉ. विशम्बर दास, डॉ. राधिका खन्ना और डॉ. सोनिया रानी – के सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा से भी जोड़ते है।

# दो आरोपितों से 163. 710 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद

- स्पेशल डिटेक्टिव युनिट ने तस्कर दबोचे,तस्करी में प्रयुक्त ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना तितरम क्षेत्र से 2 आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 163 किलो 755 ग्राम डोडा पोस्त बरामद करके नशा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक जब्त कर ली गई। प्रेस वार्ता दौरान जानकारी देते एसपी उपासना ने बताया की स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार, एचसी देवेंद्र सिंह व सिपाही कुलदीप कुमार की टीम 24 सितंबर को सांयकालीन गश्त गांव नरड़ एनएच-152 पुल के नीचे मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि एनएच-152 हिसार चंडीगढ़ रोड़ गांव नरड़ पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक बंद बॉडी कंटेनर खडा हैं। जिसमें 2 व्यक्ति बैठे हैं जो कुछ देर में ट्रक लेकर अंबाला की तरफ जाएगे। जिनको एनएच-52 हिसार चंडीगढ़ रोड़ नरड़ पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप पर खडे ट्रक पर दबिश देकर भारी मात्रा में डोडा पोस्त सहित काबू किया जा सकता है।



जानकारी देती एसपी उपासना तथा साथ में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस टीम।

**कीमत करीब 20 लाख रुपये**

सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन करके गांव नरड़ निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक पर दबिश देकर ट्रक में बैठे 2 संदिग्ध व्यक्तियों को काबू कर लिया गया। जिनकी पहचान गांव मंडवाल निवासी राजविंद्र सिंह उर्फ राजा तथा कश्मीरा सिंह के रुप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी सुशील प्रकाश के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान ट्रक बंद बाडी कन्टैंनर में रखे 10 प्लास्टिक कट्टो से 163 किलो 710 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना तितरम में मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को मौके पर पहुंचे एएसआई तरसेम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया तथा नशा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर लिया गया। दोनों आरोपी पुणे, महाराष्ट्र से ट्रक कंटेनर में 30 फ्रिज लोड करके लुधियाना लेकर जा रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने नशीला पदार्थ डोडा पोस्त मध्यप्रदेश से खरीदा था, बरामद नशीला पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये हैं। सभी आरोपी वीरवार को अदालत में पेश किए जाएंगे, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

---

# तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

आखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी के सचिव करतार गोहियां की अगुवाई में किसानों की समस्याओं को लेकर वीरवार को अलेवा तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार को सीएम के नाम पर ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार को सीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में आखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि गेहूं की बिजाई की जल्दी में किसान पराली जलाने को मजबूर होते है। पराली जलाने के मामले में सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ केस दर्ज कराए जाते है।



**अलेवा।** तहसीलदार को ज्ञापन देते आखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

इसके लिए सरकार को किसानों को गेहूं बिजाई के लिए जल्दी से पराली एकत्रित करने के लिए मशीन उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा फसलों में डालने के लिए खाद की कमी को पूरा करने के लिए सरकार को समय पर किसानों को यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध करानी चाहिए। किसानों की पीआर धान की समय पर सरकारी खरीद कराते हुए समय पर उठान करवा पेमेंट समय पर खातों में डलवाई जाए। किसानों की आइएमटी के लिए जमीन हड़पने की योजना को जल्द से रद्द किया जाए। इस मौके पर प्रताप नंबरदार, रविंद्र व कुलदीप समेत कई किसान सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 60.5 लाख धोखाधड़ी के मामले में आरोपित दबोचा

**कैथल।** साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के साथ साथ जिला पुलिस द्वारा साइबर ठगो पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही रही है। ऐसे ही ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 60.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच दौरान थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई नरेश कुमार की टीम द्वारा उड़ीसा से आरोपी विद्यागिरी विहार जिला खुर्दा उड़ीसा निवासी सुधांशु शेखर नायक को गिरफ्तार कर लिया गया।। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गुहला निवासी इकबाल ने शिकायत अनुसार उसके एक्सिस बैंक और पंजाब नेशनल बैंक में खाते चल रहे हैं। गत 6 जुलाई को उसने फेसबुक पर स्टॉक मार्केट से जुड़ा एक विज्ञापन देखा। लिंक खोलने पर एक्सिस डायरेक्ट नाम की वेबसाइट खुल गई।

# 55 लाख से बने पीएचसी भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए डूमरखा कलां में बने 55 लाख से पीएचसी केंद्र का उद्घाटन विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने किया। टीबी मुक्त घोषित उदयपुर, नचार खेड़ा, सेढ़ा माजरा, भौंगरा, सुदकैन कलां के सरपंचों को प्रशंसा पत्र देकर विधायक द्वारा सम्मानित किया। पौधरोपण का संदेश देते पौधा लगाया। खिलाड़ियों को स्कूल बैग भी कार्यक्रम में वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लाभ हर किसी को मिले इसको लेकर निरंतर योजनाएं सरकार बना रही है। पीएचसी भवन की मांग काफी पुरानी थी। भवन बनने के बाद स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होगी। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ सरकार द्वारा दिए जा रहे है। आयुष्मान कार्ड धारक व्यक्ति को पांच लाख तक का मुफ्त उपचार प्राइवेट अस्पतालों में मिलता है। सरकार अस्तालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सरकार द्वारा दी जा रही है।



**उचाना।** डूमरखा में बने पीएचसी का उद्घाटन करते विधायक चतरभुज अत्री।

---

**सुविधा** | नवरात्र के चलते यात्रियों की सुविधा के लिए उठाया कदम

# राहत: अब जींद से बनभौरी धाम के लिए जाने वाली सरकारी बस का एक फेरा और बढ़ाया

अगस्त माह से यात्रियों की सुविधा के लिए उठाई जा रही थी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से बनभौरी धाम के लिए जाने वाली बस का एक फेरा और बढ़ा दिया गया है। अब दिन में दो बार बस जींद से बनभौरी के लिए अप डाउन करेगी। नवरात्र के चलते यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज अधिकारियों ने बस का एक चक्कर बढ़ाने का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि अगस्त माह की शुरुआत में यात्रियों की मांग पर रोडवेज जींद डिपो ने जींद से बनभौरी धाम के लिए बस चलाई थी। इससे पहले यह बस लगभग चार महीने से बंद थी। सुबह आठ बजे के आसपास जींद से बस बनभौरी धाम के लिए चलेगीए जो वहां से वापस आने के बाद दोबारा दोपहर दो बजे फिर से धाम के लिए रवाना होगी। पहले बस केवल दोपहर बाद दो बजे से जींद बस स्टैंड से चलती थी जो उचाना होते हुए बनभौरी धाम पहुंचती थी। अगले दिन सुबह सात बजे बस बनभौरी से चलकर जींद सुबह आठ बजे पहुंचती थी। जींद पहुंचने के बाद बस को अन्य रूट पर चलाया जाता था लेकिन अब सुबह आठ बजे के बाद फिर से बस बनभौरी धाम के लिए चलेगी। जींद से बनभौरी का किराया 60 रुपये है। बतां दे कि बनभौरी धाम की काफी मान्यता है। शक्तिपीठ माता भ्रामरी देवी मंदिर बरवाला के बनभौरी गांव में स्थित है। यहां मंदिर में 24 घंटे माता के दरबार में अखंड ज्योत जलती है। नवरात्र में काफी तादाद में श्रद्धालु मां की पूजा करने के लिए पहुंचते हैं।




**यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा**

जींद बस अड्डा के डीआई जसमेर ने बताया कि नवरात्रि में यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण जींद से बनभौरी धाम के लिए बस का एक और फेरा बढ़ा गया है। पहले बस केवल जींद से दोपहर दो बजे चलती थी। बस का फेरा बढ़ाए जोन पर यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। जींद से काफी संख्या में श्रद्धालु बनभौरी धाम पूजा करने जाते हैं। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।

**पूजा का विशेष महत्व**

नवरात्र मेले में विशेषत चतुर्थी से लेकर षष्ठी तक मेले में भक्त आते हैं। छट पर माता भ्रामरी की पूजा का विशेष महत्व है। मंदिर का इतिहास बनभौरी धाम मंदिर लगभग 400 साल पुराना है। यहां मान्यता है कि माता भ्रामरी देवी व अष्टभुजी माता महिषासुर वर्धनी की मूर्तियां धरती से ही प्रकट हुई थी। माता के दरबार में आकर श्रद्धालु श्रद्धा के साथ धागा बांधकर मन्नत मांगते हैं। मन्नत पूरी होने पर यहां दरबार में हाजिरी लगाते है।

### फिरौती मांगने के मामले में दो युवकों को करवाया रेस्क्यू

**कैथल।** विदेश में 2 युवकों को बंधक बनाकर फिरौती मांगने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए दोनों पीड़ित युवको को सकुशल रेस्क्यु करवाया गया है। एसपी उपासना ने बताया कि 7 सितंबर को गांव सिसला निवासी सोमिल सिंह तथा गांव छात्तर जिला जींद निवासी नवीन मोर आस्ट्रेलिया जाने के लिए जयपुर एयरपोर्ट से शारजहां होते हुए तेहरान एयरपोर्ट से कोनार्ट एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। तेहरान व कोनार्ट ईरान देश के इस्लामिक एरिया है। जिन एरिया में पाकिस्तान के आपराधिक किस्म के व्यक्ति आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। जो कोनार्ट एयरपोर्ट से घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों ने उनको पिक कर लिया। उन लडको व उनके वारसान को कहा गया था कि कोनार्ट में दो दिन का स्टे करना होगा।

## खबर संक्षेप

### वाटर कूलर का उद्घाटन किया

**नरवाना।** लायंस क्लब ने आज राजकीय वमावि सीमला में वाटर कूलर का उद्घाटन किया। समारोह की शुरुआत स्वागत गीत और सुंदर रंगोली से हुई। विद्यालय द्वारा त्रिवेणी स्थापना भी की गई। मुख्य अतिथि लायन विशाल वधेहरा ;जिला गवर्नरद्ध और विशिष्ट अतिथि लायन महेश बंसल ;द्वितीय उप जिला गवर्नरद्ध का आदर.सत्कार पारंपरिक ढंग से किया गया।

### कृषि यंत्रों पर दिया जाएगा अनुदान : कुंडू

**जींद।** सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार कुंडू ने जानकारी देते बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत इस वर्ष भी किसानों को व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सामान्य वर्ग के कुल 1194 तथा अनुसूचित जाति के 15 किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया गया है।

### अभियान चलाकर नशे के किया जागरूक

**जींद।** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया एवं मोहित हांडा के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डा. अशोक साइकिल से चलते नशा मुक्त अभियान को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।

### नाबालिगा से अश्लील हरकत, शिकाय दर्ज

**जींद।** नागरिक अस्पताल में नाबालिग लड़की के साथ अशील हरकत करने तथा विरोध करने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने पर महिला थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उचाना थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग लड़की कार्यवश नागरिक अस्पताल गई हुई।

### निजी स्कूल पर कब्जे का प्रयास, प्राचार्या से दुर्व्यवहार

**जींद।** नवदुर्गा सीनियर सैकेंडरी स्कूली प्राचार्या के साथ दुर्व्यवहार तथा कब्जा करने की कोशिश करने पर शहर थाना पुलिस ने पांच लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

स्कूल प्राचार्य सोनू शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पूर्व में बंसीलाल स्कूल मैनेजमेंट में रहे हैं। मैनेजमेंट से हटने के बाद बंसीलाल व उसके परिजनों ने स्कूल पर कब्जा करने की नियत से हथकंडे अपनाने तथा उसे परेशान करना शुरू कर दिया।

### दंपत्ति से मारपीट करने पर नौ लोगों के खिलाफ केस

**जींद।** गांव डिडवाडा में कहासुनी के चलते दंपत्ति के साथ मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डिडवाड़ा निवासी अनारकली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति लवकुश की पड़ोसी कशमीर परिवार से कहासुनी हो गई। जिस पर आरोपित के परिवार ने उसके पति पर हमला कर दिया।

### सृष्टि फाउंडेशन का डांडिया उत्सव दो को

**जींद।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा गोहाना रोड स्थित राजमहल फार्म हाउस पर दो को डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सृष्टि के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पंजाबी, राजस्थानी और हरियाणा गानों पर परिवार के सदस्य डांडिया, गरबा खेलेंगे।

### समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता: डीसी

**जींद।** नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार प्रत्येक सोमवार वीरवार को जिला तथा उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए एक सार्थक पहल साबित हो रहे हैं। वीरवार को लघु सचिवालय में डीसी मोहम्मद रजा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया।

---

## जीएसटी की दरें कम होने पर उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# हर व्यक्ति प्रतिदिन एक घंटा स्वच्छता के लिए जरूर निकाले: चतरभुज अत्री

## पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए

**गंदगी कूड़ेदान में डाल स्वच्छता का संदेश दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना





स्वच्छता अभियान के दौरान कूड़ा-कर्कट को उठाते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने की शपथ दिलाते विधायक।

पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुभारंभ पर कार्यक्रम नागरिक अस्पताल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। अध्यक्षता एसडीएम दलजीत सिंह ने की। समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टॉल लगा कर योजना का लाभ बताया गया तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम परिसर में बताया कि पात्र महिलाओं का पंजीकरण भी किया गया। मोबाइल नंबर 25 पंजीकरण हो सकते है। महिलाओं को कन्या भूरण हत्या को रोकने की शपथ दिलाई। पं. दीन दयाल उपाध्याय जयंती व अंत्योदय दिवस के उपलक्ष्य में उचाना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। बस स्टैंड पर स्वच्छता उत्सव एक दिन एक घंटा एक साथ के तहत अभियान चलाया जाएगा। यहां पर विधायक ने सड़क किनारे जो पॉलीथीन , प्लास्टिक के गिलास मिले उनको कूड़ेदान में डालते लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि रोज एक घंटा स्वच्छता को लेकर जरूर निकाले। उचाना अनाज मंडी में गंगा ट्रेडिंग कंपनी के सामने व्यापारियों से जीएसटी उत्सव पर संवाद कार्यक्रम में पहुंचे विधायक ने कम हुई जीएसटी दरों के बारे में व्यापारियों को बताते कहा कि दशहरा, दीपावली का तोहफा पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को देने का काम किया है। व्यापारी जो जीएसटी कम हुआ है उसके अनुसार ही अपने उत्पाद बेचे। 54 वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम हुई है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है वो करती है। प्रदेश की 20 लाख महिलाओं को लाड़ो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। सीएम नायब सिंह सैनी जो वायदा करते है उसको पूरा करते है। हर माह पात्र महिलाओं के खाते में 2100 रुपये प्रदेश सरकार भेजेगी। जो कहते थे कि यह स्कीम नहीं आएगी उनके लिए यह जबाव है कि इस योजना का शुभारंभ कर दिया है। इसका फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिन को सबसे ज्यादा जरूरत है। पं. दीन दयाल उपाध्याय एक प्रेरणा के स्त्रोत पूरे देश के लिए है। हमें उनके जीवन से सीखना चाहिए ।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

हरियाणा ऐसा प्रदेश है जहां 24 फसल एमएसपी पर खरीदी जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है। इस मौके पर श्रवण मांडी, सतीश जांगड़ा, दीपक नंबरदार, संजय चहल, रामचंद्र अत्री, सुरेंद्र खरक भूरा, महेंद्र लोधर, साधुराम गुरूकुल खेड़ा, प्रवीण गर्ग, नरेश सौंगरी, रोहताश मखंड, विकास पंघाल, पंकज करसिंधु, साहिल मखंड, सतपाल अत्री, गोल्डी सरपंच, अभेराम काकड़ोद, रमेश नंबरदार, श्रीकांत कसूहन, वेदप्रकाश गर्ग, सतीश मित्तल, राजू शर्मा, मांगे राम, सत्ता, राजेंद्र, सतपाल करसिंधु मौजूद रहे।



उचाना। जीएसटी उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे शहर के व्यापारी।

---



जींद। स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी।

## शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हर व्यक्ति सहयोग दे : डा. अनुराधा

- नप अध्यक्षा के नेतृत्व में शुरू हुआ सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत सरकार एवं शहरी स्थानीय निकाय पंचकुला विभाग द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर श्रमदान एक दिन एक घंटा का आयोजन अटल पार्क सफीदों रोड जींद से शुरु किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. अनुराधा सैनी चेयरपर्सन नगर परिषद द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज वीरवर को जींद नगर परिषद द्वारा चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि गोविंद सैनी, कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश चौधरी, सुनील दत्त, संजीव चहल के साथ अन्य अधिकारी और नगर पार्षदों ने भी हिस्सा लिया। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि सफाई एक लगातार चलने वाला काम है। यह सिर्फ एक दिन या कुछ घंटों का अभियान नही है। हम सभी भारतीयों को यह समझना होगा कि यह जींद शहर हमारा है। यह देश हमारा है। अगर हम कहीं भी कूड़ा फेंकते हैं, तो इससे हमारा आसपास का माहौल प्रदूषित होता है। कहा कि मैं जगह-जगह तंबाकू के पैकेट, पानी की खाली बोतलें और डिस्पोजेबल प्लेटें पड़ी देखती हूं। भंडारे के बाद भी लोग गंदगी छोड़ देते हैं। हर जगह पोस्टर चिपके होते हैं।

**ये रहे मौजूद**

अवसर पर जिला नगर आयुक्त सुरेन्द्र सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि गोविंद सैनी, कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश चोधरी, उपप्रधान प्रतिनिधि हरीश कोशिक, सुनील दत्त मुख्य सफाई निरक्षक, नीलम देवी, संजीव चहल आईईसी एक्सपर्ट, दीक्षांत सीटीएल के साथ नगर पार्षद बलबीर श्योरान, संजय वत्स, सुनील कुमार, विक्की, परवीन देवी और सफाई दरोगा, सफाई कर्मचारी ने भी हिस्सा लिया।

---

# प्राथमिक उपचार की जानकारी होना बेहद जरूरी : डा. गौरव

- ट्रेनिंग शिविर में को सिखाए प्राथमिक चिकित्सा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार की जानकारी देते डा. गौरव।

सड़क दुर्घटना में प्राथमिक उपचार एवं गुड समैरिटन एक्ट पर गुरूवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें ट्रैफिक पुलिस, होम गार्ड्स, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिकों को दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में डा. गौरव लखीना ने ने बताया कि दुर्घटना के बाद का पहला गोल्डन ऑवर जीवन बचाने के लिए सबसे अहम होता है। सही प्राथमिक उपचार जैसे खून बहना रोकना, सांस की जांच करना, सीपीआर देना और बेहोश मरीज को रिकवरी पोजिशन में रखना अनेक जीवन बचा सकता है। बताया कि किसी भी व्यक्ति को दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर कोई कानूनी परेशानी नहीं होगी। सड़क दुर्घटना में पीड़ित की मदद करना न केवल मानवता का कर्तव्य है बल्कि यह कानूनी रूप से भी सुरक्षित है।

### छात्राओं को संविधान की भावना से अवगत कराया

**जींद।** राजकीय महिला महाविद्यालय की लीगल सेल द्वारा मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार एवं नीति निर्देशक सिद्धांत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में संवैधानिक जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें भारतीय संविधान की भावना से अवगत कराना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। यह भी बताया कि नीति-निर्देशक सिद्धांत राज्य को सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इसी कड़ी में जितेन्द्र कुमार ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से वे अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका उर्मिला, सुरेंद्र, अनिता द्वारा निभाई गई ।

# त्यौहारी सीजन में पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

## सफीदों डीएसपी ने व्यापारियों और ज्वेलर्स की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। व्यापारियों के साथ बैठक करते डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

सफीदों के उप पुलिस अधीक्षक गौरव शर्मा ने वीरवार को शहर थाना सफीदों में व्यापार मंडल तथा ज्वैलर्स के साथ सयुक्त बैठक की। मौके पर शहर थाना प्रभारी दिनेश व्यापारी चुन्नी लाल वर्मा, राजेश ,जोगेन्द्र, व्यापारी राधेश्याम समेत अन्य कारोबारी मौजूद रहे। डीएसपी गौरव शर्मा ने कहा कि त्यौहारो के सीजन मे हर किसी चौकसी बरतने की जरूरत है। पुलिस व्यापारियो के साथ है। जब भी कोई व्यापारी बड़ी मात्रा में सोना, चांदी या अन्य कीमती सामान या कैश लेकर आता या जाता है तो वह पुलिस सुरक्षा ले सकता है। ऑनलाइन लेन देन के दौरान सतर्कता बरतनी जरूरी है। जब लेन या देन पूरा न हो जाए ग्राहक को जाने न दे। दुकानदार नकद व डिजिटल लेन-देन की रसीद अवश्य सुरक्षित रखें । संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दे। कहा कि इलाके सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पीसीआर राइडर के साथ पैदल गशत को बढाया गया है। बाजार तथा भीड़ भाड़ वाले इलाकों विशेष चौकसी को बढाया गया है।

---

### कांग्रेस पंचायती राज संगठन की बैठक

**जींद।** कांग्रेस पंचायती राज संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने शिरकत की। इस बैठक में संगठन के स्टेट पदाधिकारियों, और सदस्यों ने भाग लिया और पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से शहरी और ग्रामीण संगठन की कार्यकारिणी बनाने को लेकर चर्चा की। समाज के सभी वर्गों से पदाधिकारी बनाए जाएंगे। इसमें एक अध्यक्ष और एक कार्यकारी अध्यक्ष, मनरेगा से संबंधित, आंदोलन से निकले व्यक्ति, किसान आंदोलन से निकले व्यक्ति आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, चेयरमैन, पार्षद, सरपंच, पंचायत मेंबर, ब्लॉक समिति मेंबरस को संगठन मे जोडने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारी और सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। कहा कि कांग्रेस पंचायती राज संगठन ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और जन कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मीटिंग मे प्रदेश प्रवक्ता जगबीर ढिगाना, मिथुन वर्मा, सज्जन गैबीपुर, कमलेश राय, अमित बुरा, इशाक भट्टी, जेपी रूहील आदि मौजूद रहे।



जींद। बैठक में भाग लेते कांग्रेस पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। स्व. देवीलाल को नमन करते जजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### ताऊ देवी लाल को किया नमन

**जींद।** पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल की 112वीं जयती पर वीरवार को जजपा कार्यकर्ताओं ने देवीलाल चौक पर पहुंच कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अध्यक्षता पार्टी के जिला प्रधान जोरा सिंह ने कि जबकि मुख्य अतिथि के तौर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र लितानी ने शिरकत की। कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल त्याग की मूर्ति थे। जिन्हें देश की जनता ताऊ देवीलाल के रूप में याद करते है। जिन्होंने निस्वार्थ किसान, मजदूर, जवान तथा आमजन तथा देश हित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने हमेशा किसान और कमेरा वर्ग की पैरवी की। उन्होंने कहा कि स्व. देवीलाल ने ऐसी नीतियां बनाई जो समाजहित के साथ देशहित में रही। पहले रेडियो, साइकिल, ट्रैक्टर पर टैक्स तथा टोकन लगते थे। जिन्हें स्व. देवीलाल ने खत्म किया। बुजुर्गों को पेंशन तथा बेरोजगारो को भत्ता स्व. देवीलाल की देन है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव कृष्ण राठी, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, हलका प्रधान सुनील कंडेला युवा नेता विकास सिहाग, समेत काफी सख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कैकई ने राजा दशरथ से मांगे दो वचन

**नरवाना।** पुरानी अनाज मंडी में श्रीरामा भारतीय कला केंद्र द्वारा रामलीला के मंचन के चौथे दिन में जनक दरबार परशुराम.लक्ष्मण संवाद राम सीता विवाह कैकई के राजा दशरथ से दो वर मांगने के दृश्य दिखाए गए। मुख्यतिथि के तौर पर मंडी प्रधान ईश्वर गोयलए हंसराज समैण ए वीरेंद्र नैन ने शिरकत की। शुक्रवार को मंच पर भरत मिलाप तक के दृश्य दिखाए जाएंगे। मंच संचालन शैलेंद्र मोहन गर्ग द्वारा बखूबी निभाया गया। लीला में मंच पर आरती के बाद पहला दृश्य में जनक दरबार दिखाया गया। जिसमें भगवान परशुराम पहुंच जाते हैं और टूटे धनुष को देखकर आग बबूला हो जाते हैं। इसी बीच परशुराम और लक्ष्मण के बीच कड़ा संवाद होता है। परशुराम लक्ष्मण के उपर परसे से वार करने का प्रयास करते हैंए तभी विश्वामित्र उन्हें रोक देते हैं।



नरवाना। रामलीला मंचन के दौरान कलाकार। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में मौजूद आंगनवाडी वर्कर। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण में आंगनबाड़ी वर्कर्स की भूमिका अहम

**जींद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नरवाना के खंड समन्वयक सुरेंद्र ने कहा कि जल संरक्षण में आंगनवाड़ी वर्कर की भूमिका अहम होती है। इसलिए उन्हें बढ़चढ़ कर इस कार्य में भाग लेना चाहिए। सुरेंद्र गांव दनोदा कलां के आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं व बच्चों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि जल संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता व विभिन्न तरह की बीमारियों के प्रति महिलाओं व बच्चों को जागरूक करने में आंगवनाड़ी कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण रोल होता है। इन महिलाओं द्वारा गांव की अन्य महिलाओं से मिल कर इन्हें जागरूक किया जाता है ताकि पानी को अधिक से अधिक बचाया जा सके। नलों पर टेप लगाने के लिए विभाग के साथ-साथ इन कार्यकर्ताओं द्वारा भी लोगों को बताया जाता हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया की जिले के अनेक गांव में पेयजल जांच का कार्य किया जा रहा है।

---

**योजना** | अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पत्रकारों से बातचीत में बोले

# जींद: अग्रोहा धाम में शादी करवाने पर दिया जा रहा डेढ़ लाख रुपये का सामान : बजरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग पत्रकारों से बातचीत करते।

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक गुरूवार को अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अग्रोहा धाम में सात अक्टूबर को लगने वाले विशाल वार्षिक मेले में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रवाल युवक व युवतियों की शादी के लिए खाने, ठहरने, बैंड बाजे व फेरे की व्यवस्था अग्रोहा धाम में निशुल्क की हुई है। अग्रोहा धाम में युवक व युवती की शादी करवाने के साथ-साथ डेढ़ लाख रुपये का सामान साथ दिया जाता है। अग्रोहा धाम में युवक व युवतियों की शादी के लिए करोड़ों रुपये की लागत से बैंक्विट हॉल बनाया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम के नेतृत्व में अग्रवाल समाज पूरे देश व प्रदेश में धार्मिक व सामाजिक कार्यों में लगा हुआ है। देश व प्रदेश के कौने-कौने में अग्रवाल समाज द्वारा मेडिकल कॉलेज, धर्मशाला, गौशाला, मंदिर बना कर सेवा कार्य में लगा हुआ है। देश व प्रदेश में सामाजिक व धार्मिक कार्यों में 62 प्रतिशत पैसा वैश्य समाज द्वारा खर्च किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

गर्ग ने बताया कि अग्रोहा धाम में सात अक्टूबर को लगने वाला विशाल वार्षिक मेला ऐतिहासिक होगा। जिसमें ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी, राज्यसभा के पूर्व सासंद सुभाष चंद्रा, हरियाणा के निकाय मंत्री विपुल गोयल, पंजाब कैबिनेट मंत्री विरेंद्र गोयल, हिसार की विधायिका सावित्री जिंदल, भजन सम्राट कन्हैया मित्तल आदि अनेकों नेता व समाजसेवी भाग लेगें। इस अवसर पर अग्रोहा धाम के प्रदेश उप प्रधान महावीर कंप्यूटर, प्रदेश महासचिव राजकुमार गोयल, अग्रोहा धाम जींद जिला प्रधान ईश्वर गोयल, वरिष्ठ उप प्रधान सुरेश जिंदल, जिला महासचिव बीएस गर्ग सहित अनेक नेता मौजूद रहे।



जींद। अध्यापकों से सवाल-जवाब करते राजश्री चौधरी। फोटो :हरिभूमि

### सभी के प्रति निष्पक्षता अनिवार्य : सिहाग

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में अध्यापकों में दक्षता एवं कार्यकुशलता की सुदृढ़ता हेतू कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय लैंगिक समानता रहा। इसमें रिर्सोर्स पर्शन की भूमिका में राजश्री चौधरी व नैना सूद ने शिरकत की। विद्यालय के लगभग 65 अध्यापक, अध्यापिकाओं ने इसमें भाग लिया। उन्होंने बताया कि लैंगिक समानता वर्तमान शिक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए अध्यापकों को इस विषय पर समझदारी से काम करना है। लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, व्यक्तियों में लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूकता बढाना और समाज के सभी लिंगों के प्रति निष्पक्ष, सम्मानजनक दृष्टिकोण अपनाना। इस दौरान अध्यापकों के लिए कई गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इसमें सभी अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अध्यापकों ने अपनी जिज्ञासाओं को संतुष्ट किया। स्कूल निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि विद्यालयी शिक्षा के दौरान यदि इस तरह की समस्याओं का निवारण किया जाए तभी समाज में एकरूपता आ सकती है।

## खबर संक्षेप

### गांव खेड़ी संदल वाली में कलश यात्रा निकाली

**राजौंद।** गांव खेड़ी संदल वाली में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गांव के दादा खेड़ा के सम्मान में गांव के ही युवाओं की ओर से यह कार्यक्रम करवाया गया। कलश यात्रा में गांव की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान धार्मिक आयोजन में युवा व महिलाओं की भागीदारी प्रेम भावना देखते ही बन रही थी। बता दें की गांव के त्रिवेणी धाम, यानि दादा खेड़ा बाबा धुना वाले व पीर बाबा सहित तीनों धाम एक ही स्थान पर बने हुए हैं, जो पुरे गांव की श्रद्धा व आस्था का केंद्र रहे हैं। त्रिवेणी धाम पर जागरण व भंडारा का आयोजन किया।

### पौधरोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**सीवन।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण एवं स्वच्छता निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका सीवन के सचिव दीपक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत विद्यालय का स्वच्छता निरीक्षण भी किया।

### योग शिविर में साधकों को करवाया प्राणायाम

**पाई।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वावधान में गाव पिलनी में 13 सितंबर से 27 सितंबर तक सुबह शाम 5 बजे से 7 बजे तक 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। जिसमें आज तेरहवें दिन वीरवार को प्रशिक्षणार्थी शिवानी व मुकेश ने विधिवत मंत्र उच्चारण करते हुए सुबह के योग सत्र की शुरुआत की और शरीर के सभी जोड़ों की अकड़न जकड़न खोलने के लिए हाथ ,पैर, गर्दन आदि के विधिवत सूक्ष्म व्यायाम करवाए।

### पुंडरीक तीर्थ पर दीपावली मनाने की तैयारी शुरू

**पूंडरी।** पूंडरी नगर पालिका के चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, पूर्व अनाज मंडी प्रधान पार्षद सतीश हजवाना और वाइस चेयरमैन रामप्रसाद ने सोमवार को पालिका पार्षदों के साथ पुंडरीक तीर्थ का दौरा कर वहां की सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान पालिका के सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि दीपावली तक तीर्थ क्षेत्र की साफ-सफाई नियमित रूप से की जाए। उन्होंने बताया कि इस बार दीपावली का पर्व अयोध्या की तर्ज पर पुंडरीक तीर्थ पर बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

### फतेहपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में पोषण माह के अंतर्गत महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार आयुष हेल्थ और वेलनेस सेंटर फतेहपुर में 8 वे निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ किरनदीप आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं, किशोरियों को पोषण संबंधी जानकारी दी उन्होंने ऋतुचर्या और दिनचर्या के अनुसार खान-पान व एनीमिया से बचाव के बारे में बताया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच।

---

### कैकेई-दशरथ संवाद सुनकर भर आया दर्शकों का गला

# सीवन रामलीला के पांचवें दिन कैकेई कोप भवन का भावविभोर मंचन

नगर की प्रसिद्ध श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब के तत्वावधान मे आयोजित भव्य रामलीला के पांचवें दिन अयोध्या में हुआ राज्याभिषेक


**सीवन।** सीवन में रामलीला में कोप भवन का मंचन करते कलाकार।


**गुहला चीका।** आदर्श नाटक क्लब द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर की प्रसिद्ध श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब के तत्वावधान मे आयोजित भव्य रामलीला के पांचवें दिन अयोध्या में राज्याभिषेक और कोप भवन प्रसंग की लीला हुई। कार्यक्रम में मंच का संचालन मांगे राम शर्मा ने किया।

रामलीला मंचन का शुभारंभ महिंद्र सैनी एवं रवि सैनी ने रिबन काटकर किया। मंचन में प्रधान चेतन शर्मा, विनोद गौतम, कोषाध्यक्ष शेखर राणा व बंटी सैनी ने बताया कि राजा दशरथ ने श्री राम को अयोध्या का उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय लिया। श्री राम के राजतिलक की तैयारियां शुरू हो गईं। मंथरा ने कैकेई को ऐसा गुमराह किया कि वह कोप भवन में पहुंच गईं। कोप भवन में राजा दशरथ उन्हें मनाने जाते हैं। कैकेई ने राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजगद्दी मांग ली। यह सुनकर राजा दशरथ जमीन पर गिर पड़े। वह कहती हैं कि कुछ भी कर लो तुम्हारी माया नहीं चलने दूंगी। राजा दशरथ जमीन पर तड़पने लगे और अचेत हो गए। सेवक के कहने पर सुमंत कोप भवन पहुंचे तो वह राजा दशरथ की दशा देखकर परेशान हो गए। कैकेई ने उनसे श्री राम को बुलाने को कहा। जब श्री राम कोप भवन पहुंचे तो कैकेई ने उन्हें वरदान के बारे में बताया। उनकी बात सुनकर श्री राम सहर्ष वन जाने के लिए तैयार हो गए। राजा दशरथ उन्हें गले लगाया। गुरु वशिष्ठ ने कैकेई को समझाने का प्रयास किया। लेकिन कैकेई पर असर नहीं हुआ। उसी समय सीता आकर उनके चरण पकड कर उन्हें प्रणाम करती हैं तो मां कौशल्या अचल सुहागन होने का आशीर्वाद देती हैं। तत्पश्चात भगवान श्री राम, माता सीता, भैया लक्ष्मण वनवास के लिए अयोध्या से निकल जाते है। इस अवसर पर क्लब के सदस्य बलराम स्नेही, जोगिंद्र शर्मा, सोमदत्त शर्मा, दर्शन सैनी, अमित सैनी ने बताया कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि यह समाज को धर्म, त्याग और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। क्लब के सीनियर पात्र ईश्वर गोल्डन, जयपाल राही ने कलाकारों के शानदार अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से संस्कृति और परंपरा की धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचती है। इस अवसर पर टोनी शर्मा, रोशन सैनी, साबू आर्य, बिट्टू सैनी, शीशपाल, जसबीर सैनी सहित अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन हुआ श्रीराम का जन्म

**गुहला-चीका।** श्री भवानी मंदिर परिसर में आदर्श नाटक क्लब द्वारा आयोजित दस दिवसीय भव्य संगीतमय श्री रामलीला के दूसरे दिन प्रभु श्री राम के जन्म की दिव्य लीला ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार सुनेजा सहपरिवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। आदर्श नाटक क्लब द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें अयोध्या व वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भव्य आरती प्रस्तुत की गई।आदर्श नाटक क्लब भवानी मंदिर परिसर में आयोजित दस दिवसीय भव्य संगीतमय श्री रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन मंत्रमुग्ध करने वाला रहा। गुरु वशिष्ठ अपने आश्रम में ध्यान मुद्रा में बैठे हैं। इसी बीच राजा दशरथ का प्रवेश होता है। गुरुदेव उनसे आगमन का कारण पूछते हैं। इस पर राजा दशरथ कहते हैं गुरुदेव मेरा चौथापन आ गया है। मगर अब तक कोई संतान नहीं है। इस पर गुरुदेव उन्हें संतानोत्पत्ति के लिए यज्ञ कराने का निर्देश देते हैं। श्रृंगी ऋषि यज्ञ कराते हैं। यज्ञ सफल होने पर अग्निदेव प्रकट होते हैं और द्रव्य देकर राजा दशरथ से कहते हैं कि इसे अपनी रानियों को दे दीजिए, इसका सेवन करने से संतान अवश्य होगी। रामलीला मंचन के क्रम में ही एक अन्य दृश्य में राजा दशरथ तीनों रानियों के साथ प्रभु राम की बाललीला का आनंद उठा रहे हैं। पार्श्व गीत ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया... बाल लीला के दृश्य को जीवंत करता प्रतीत हो रहा था। इसके बाद एक अन्य दृश्य में चारों भाइयों का नामकरण किया जाता है।

---

# खंड स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता


**राजौंद।** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ स्टाफ सदस्य।

- प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद में खंड स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई।खंड संसाधन संयोजक कार्यालय राजौंद में जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ एस.सी.ई.आर.टी. गुरुग्राम के सौजन्य से खंड स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डाइट कैथल से जिला संसाधन इकाई के प्रभारी डॉ. राज कुमार ने प्रतियोगिता शुरू होने से पहले प्रतियोगिता संबंधी दिशा निर्देश विस्तार पूर्वक साझा किए। इस प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लिया। रोल प्ले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किठाना प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखौली द्वितीय और राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद तृतीय स्थान पर रहा। फोक डांस प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद द्वितीय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा तृतीय स्थान पर रहा। रोल प्ले प्रतियोगिता के मुख्य थीम पौष्टिक भोजन, व्यक्तिगत सुरक्षा, इंटरनेट गैजेट और मीडिया साक्षरता, मादक द्रव्यों का सेवन एवं इसके कारण एवं निवारण रहे। फोक डांस प्रतियोगिता के मुख्य थीम लड़कों और लड़कियों के लिए समान अवसर, बाल विकास में संयुक्त परिवार की भूमिका, पर्यावरण की सुरक्षा और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम रहे। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली हुई बुराइयों को रोल प्ले और फोक डांस के माध्यम से प्रदर्शित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के संचार कौशल को समृद्ध करना है। डी.आर.यू. की इंचार्ज ने इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया व खंड स्तर पर प्रथम व द्वितीय विजेता टीमों के अध्यापकों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए व्हाट्सएप ग्रुप से भी जोड़ा गया।

#### निर्णायक में ये रहे मौजूद

निर्णायक मंडल में बंसल लाल व प्रीति ने अहम भूमिका निभाई। खंड संसाधन संयोजक कार्यालय राजौंद के समस्त कर्मचारीयों ने प्रतियोगिता को सफलतापूर्ण आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

---

# राजकीय स्कूल गोहरा की साइंस ड्रामा टीम ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन


**सीवन।** गोहरा स्कूल की विजेता टीम।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहरा की साइंस ड्रामा टीम ने जिला स्तरीय नॉर्दर्न साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जखोली अड्डा में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल छह टीमों ने भाग लिया। गोहरा विद्यालय की टीम ने खंड सीवन का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम के विद्यालय लौटने पर प्रार्थना सभा के दौरान उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा सभी टीम सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य हरदयाल अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की ड्रामा टीम के सदस्यों गुरजीत, भारती, सचिन, नैन्सी, अंजलि, प्रिंस, तनिषा कुमारी, अश्विनी और वैशाली ने कड़ी मेहनत और रचनात्मकता के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने विशेष रूप से टीम की तैयारी कराने वाले शिक्षकों सूरज और गरिमा गर्ग को भी बधाई दीं। प्रधानाचार्य अरोड़ा ने कहा कि इस उपलब्धि ने विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचाई प्रदान की है। उन्होंने टीम के सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।


**कैथल।** ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते इनेलो कार्यकर्ता।

### हर्षोल्लास से मनाई गई ताऊ देवीलाल की 112वीं जयंती

**कैथल।** जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 19 हुडा कुरुक्षेत्र रोड़ बाईपास पार्क स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उनकी 112वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह चीका ने की। इस अवसर पर लड्डू बांटे गए और ताऊ देवीलाल के संघर्ष के साथी रहे पार्टी पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में चौधरी साधुराम कोलेखां, चौधरी हरी सिंह नंबरदार पुंडरी, चौधरी सुभाष नंबरदार चूहड़माजरा, चौधरी रंगी राम बलबेहड़ा, रणधीर सिंह जड़ौला, ईश्वर शर्मा सीवन, चौधरी सुबे सिंह कुराड़, चंद्रभान दयोरा, सुभाष सिसला, पुन्ना राम फौजी और सरदार रणजीत उप्पल शामिल रहे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणदीप कौल ने भी सम्बोधित किया और आज के दिन को त्यौहार के रूप मे मनाने की अपील की।

---

# एनएसएस स्थापना दिवस पर स्वयं सेवकों ने नृत्य में धूम मचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्य डा. दिनेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

जाट पी.जी .महाविद्यालय कैथल के धना भगत ऑडिटोरियम हॉल में एनएसएस स्थापना दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला,सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल,कोषाध्यक्ष बलकार नैन ,जाट कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ढिल्लों ने शिरकत की है। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने देवी सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। एन.एस.एस .प्रभारी डॉक्टर लाभ सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुछ देकर स्वागत किया। एन.एस.एस. प्रभारी ने सत्र 2025- 26 के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से बताया कि एनएसएस के महत्व एवं राष्ट्र निर्माण में एनएसएस का क्या योगदान है इस बात पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर अनेक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इनमें पेंटिंग, गायन, चुटकुले ,डांस ,मिमिक्री, मोनो एक्टिंग ,हरियाणवी लोकगीत आदि शामिल हैं।

---

# पूर्व राज्य ने कलायत में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का किया शुभारंभ

- कलायत की जनता के लिए सदैव उनके घर के दरवाजे खुले हैं
- कलायत के विधायक और उनके सांसद पिता पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा जनसभा को संबोधित करते हुए

पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कलायत में लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कलायत विधायक को कलायत की चिंता करने की जरूरत नहीं है। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि वे कलायत की विधायक हैं। आपको कलायत का विकास करवाने का पूरा अधिकार है। ढांडा ने कहा कि कलायत के विधायक विकास सहारण तो कभी कभार या दो-तीन महीने में एक बार आते हैं और अपने चाहते लोगों के पास आकर उनका हाल-चाल जानकर चले जाते हैं। कलायत हल्के की जनता अब जाग चुकी है।

#### कलायत के विकसा की जिम्मेदारी मेरी: कमलेश

उन्होंने कहा कि मैं तो 1 साल से सड़कों का उद्घाटन करती आ रही हूं और आगे भी करती रहूंगी। उन्होंने कहा कि न ही विधायक विकास सहारण तथा न ही उनके बाप ने काम किया। उन्होंने सदा ही थापी मार राजनीति की है। अब कलायत हलके की जनता इससे ऊब गई है और लोगों का मन भाजपा सरकार में है।
वे 24 घंटे कलायत की सेवा करने के लिए तैयार हैं। वे हफ्ते में दो से तीन दिन कलायत और एक दो दिन राजौंद जाती हूं। कलायत की जनता के लिए सदैव उनके घर के दरवाजे खुले हैं।

### इको क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**गुहला-चीका।** गवर्नमेंट मॉडल सांस्कृतिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका में वन्य एवं वन्य प्राणी विभाग, हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह 2025 के दौरान एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर, स्कूल में इको क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता , मेगा प्लांटेशन ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इको क्विज प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कक्षा 11 के विद्यार्थी हिमांशु, रोहन और निकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, कक्षा 9 की जागृति, भूपेंद्र कौर और रेनुका शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

---

# विजेंद्र मैहला बने ढांड मार्केट कमेटी के चेयरमैन, जय सिंह वाइस चेयरमैन

- भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और मंडी के आढ़तियों ने जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड


**ढांड।** मार्केट कमेटी का चेयरमैन विजेंद्र मैहला धान खरीद का जायजा लेते हुए।

भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला को हरियाणा सरकार ने ढांड मार्केट कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण पद पर उनकी नियुक्ति को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और मंडी के आढ़तियों ने जोरदार स्वागत किया। फूल-मालाओं से लादकर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उन्हें बधाई दी। चेयरमैन नियुक्त होने के बाद विजेंद्र मैहला ने नई अनाज मंडी ढांड स्थित अपने प्रतिष्ठान पर मीडिया से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, वर्तमान जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी तथा भाजपा हाईकमान का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत वे भाजपा नेता अशोक गुर्जर के प्रतिष्ठान पर पहुंचे और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। उनके साथ ढांड मार्केट कमेटी के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन जय सिंह सोलूमाजरा व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विजेंद्र मैहला ने कहा कि सरकार ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

---


**कैथल।** शूगर मिल में सफाई अभियान चलाते एमडी कृष्ण कुमार व अन्य कर्मचारी।

### सेवा पखवाड़ा स्वच्छता का प्रतीक : कृष्ण कुमार

- मिल परिसर में एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान अभियान शुरू

**कैथल।** सहकारी शूगर मिल कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने बताया कि भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में वीरवार को मिल परिसर में एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान अभियान के अन्तर्गत मिल परिसर में सफाई अभियान का शुभारंभ किया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया तथा सफाई में श्रमदान करके अपना सहयोग दिया। कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा एक महत्वपूर्ण विचार है। ज इस मौके पर कर्मचारी निदेशक शमशेर सिंह, गन्ना प्रबंधक रामपाल, आमिर हुसैन जुबैरी, गन्ना विपणन अधिकारी रामपालआदि रहे।

---

### कैथल के राजकीय आईटीआई में 20 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# विद्यार्थियों के लिए राइस मिलरों के दरवाजे 24 घंटे खुले: अमरजीत

युवा स्वदेशी अपनाते हुए देश को विकसित करने में दें योगदान: संजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अमरजीत बिट्टू छाबडा तथा संजीव शर्मा।

राजकीय आईटीआई में वीरवार को मेधावी विद्यार्थियों का टूल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक अमरजीत बिट्टू छाबडा थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा तथा राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान तरसेम गोयल ने शिरकत की।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरजीत बिट्टू छाबड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अपने स्किल को पहचानते हुए उसमें महारत हासिल करें। उन्होंने युवाओं को आज्ञाकारी और संस्कारवान बनने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार के प्रति बल देने की बात कही। छाबडा ने कहा कि आईटीआई के युवाओं के लिए राइस मिलरों के द्वार 24 घंटे खुले हैं। बच्चे उनसे जो भी प्रशिक्षण लेना चाहें, ले सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तरह के उदाहरण के माध्यम से बताया कि एक उद्योग लगाने से हम ने केवल खुद रोजगार हासिल करते हैं बल्कि इसके साथ ही दूसरों को भी रोजगार देते हैं इसलिए सरकार युवाओं को स्वरोजगार को बढावा देने के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि आज के समारोह के दौरान विभिन्न कोर्सो में टॉप रहे 20 विद्यार्थियों को टूल किट वितरित की गई हैं। उन्होंने टूल किट प्राप्त करने वाले युवा युवतियों से आह्वान किया।

#### इनको किया गया सम्मानित

*प्रदीप कौर, भावना, माफी, सौरव, अभिजीत कुमार, सोनू, रवि, अंकुश, आशीश, अजय, युवराज सिंह, विकास, गुलजीत सिंह, अनू देवी, अमरीक सोमनाथ, अजय कुमार, साहिल, विजय, अरूण कुमार, साहिल कैंत शामिल हैं।*

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना स्वदेशी अपनाते हुए देश को विकसित करने का है। कार्यक्रम में आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल, अधीक्षक सोहनलाल, राजकीय महिला आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र गिल, वर्ग अनुदेशक गुरांदत्ता, एनसीसी अधिकारी जोगेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, सतीश सैनी, संजीव कुमार, संजय वर्मा, राजबीर सिंह, अनिल धीमान, अनिल ढुल, अनिल गर्ग, रमन कुमार, सूरजभान आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### स्वयं सेवक राष्ट्र निर्माण में निभाए अहम भूमिका

**उचाना।** स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसूहन में एक दिवसीय एनएसएस कैंप आयोजित हुआ। एनएसएस के 57वें स्थापना दिवस पर कैंप आयोजित हुआ। प्राचार्य संजय शर्मा ने स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए। प्रोग्राम अधिकारी सुनील खटकड़ ने कहा कि स्वयं सेवकों, सेविकाएं गांव, समाज एवं देश के हित को सर्वोपरि मानकर कार्य करें।

### जेजेपी छोड़ भलेराम इनेलो में हुए शामिल

**उचाना।** उचाना से विधानसभा चुनाव लड़ चुके भलेराम श्योकंद सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा जेजेपी छोड़ कर इनेलो का दामन थामा। रोहतक में आयोजित चौ. देवीलाल जयंती सम्मान समारोह में इनेलो में शामिल हुए। जेजेपी छोड़ने वालों में पूर्व खेल प्रकोष्ठ प्रधान धोला खटकड़, पूर्व खेल प्रकोष्ठ हलकाध्यक्ष राजेश खरकभूरा, सुरेंद्र काब्रच्छा, ऋषि मांडी शामिल रहे।

### एनएसएस की स्थापना के बारे में दी जानकारी

**उचाना।** एसडी कॉलेज में एनएसएस के स्थापना दिवस पर प्राचार्या अंजू रानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। प्रोगाम अधिकारी राजबाला ने स्थापना दिवस का महत्व बताया। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर आज की युवा पीढ़ी को संस्कार, मार्गदर्शन, उत्तरदायित्व की भावना पैदा करने के उद्देश्य से की गई। युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए आगे आएं।

### सुरेंद्र चेयरमैन, प्रवीण बने वाइस चेयरमैन

**उचाना।** सरकार सुरेंद्र खरकभूरा को चेयरमैन व प्रवीण उचाना खुर्द को उचाना मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों ने सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन बड़ौली, विधायक देवेंद्र अत्री, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढूल एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। संयुक्त रूप से दोनों ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो आम कार्यकर्ता को बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

### वर्कशॉप में नई टेक्नोलॉजी पर की चर्चा

**जींद।** फोटो वीडियो वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रधान बलजीत रेढू की अध्यक्षता में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें एक कंपनी की तरफ से आए हुए रोहित गौतम ने कैमरे की नई टेक्नोलॉजी के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया। प्रधान बलजीत रेढू ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नई तकनीक ग्राहकों की इच्छा के अनुसार काम करने के लिए नए अवसर पैदा करती है।

### एसडीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**कैथल।** एसडीएम अजय सिंह की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी गांव में नुक्कड़ सभाएं व जागरूकता शिविरों का आयोजन करें।

## डीसी ने किया अस्पताल का निरीक्षण, 25 को हुआ था बिल्डिंग का उद्घाटन

# एमरजेंसी वार्ड में करना होगा बदलाव, डीसी ने दिए निर्देश

डीसी के आदेशों का किया जाएगा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का 14.91 करोड़ की लागत से रेनोवेशन का कार्य करवाया गया है। पुरानी बिल्डिंग को नया दिखाने के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। वीरवार को बिल्डिंग का उद्घाटन तो किया गया लेकिन सबसे जरूरी एमरजेंसी वार्ड अभी तक शुरू नही हो पाया है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बिल्डिंग निरीक्षण के दौरान एक-एक कर कमियों को दुरूस्त करवाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए। एमरजेंसी वार्ड में लगाई गई खिड़कियों को बदलने या ठीक करने के निर्देश दिए गए ताकि मरीजों को वेंटिलेशन के मामले में असुविधा न हो। रिसेप्शन काउंटर के ऊपर से गुजर रहे पाइप को ठीक करवाने के लिए कहा गया। रिसेस्टर काउंटर पर लिखे गए अक्षरों को खुला-खुला लिखने के लिए कहा गया।

**भविष्य में मिलेंगी मरीजों को बेहतर सुविधाएं : डीसी**



जींद। नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए डीसी। फोटो: हरिभूमि



### एमरजेंसी में लगेगा सेंट्रसल एसी

उम्मीद थी कि एमरजेंसी वार्ड को वीरवार को हर हाल में शुरू कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा संभव नही हो सका।एमरजेंसी का कार्य पूरा हो चुका है और इसमें उपकरण इंस्टॉल करने रह गए हैं। हालांकि यहां सेंट्रलाइज्ड एसी की डिमांड की गई थी जिसे पूरा करने में समय लगेगा। वहीं पूरानी बिल्डिंग में सेंट्रलाइज्ड एसी सिस्टम सेट करना संभव नही दिखा। ऐसे में फिलहाल सेंट्रलाइज्ड एसी योजना केवल एमरजेंसी वार्ड में ही होगी। खिड़कियां ठीक नही थी, वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी वार्ड को दस से बढा कर 20 वार्ड का किया गया है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जब निरीक्षण किया तो यहां खिड़कियों की व्यवस्था ठीक नही मिली। खिड़कियों की चिटकनी काफी ऊंची थी। जिस पर डीसी ने तुरंत खिड़कियों को बदलने या ठीक करने के निर्देश दिए ताकि वेंटिलेशन बना रहे। अस्पताल में जानकारी को लेकर लिखे गए बोर्ड पर अक्षर भीड़े थे, जिन्हें खुला-खुला करवाने के लिए कहा गया। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन काउंटर के पास मौजूद खुले पाइप की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए। डीसी के साथ सीएमओ डा. सुमन कोहली, डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. मनजीत मौजूद रहे।

### 14.91 करोड़ की राशि से हो रहा है रेनोवेशन का कार्य

अस्पताल की बिल्डिंग 50 साल पुरानी है। जिसे कंडम घोषित कर नई बनाने की मांग की जा रही थी। नई तो नहीं बनी, परंतु 14.91 करोड़ खर्च कर बिल्डिंग का रेनोवेशन कर नया लुक दिया जाए। करीब 20 दिन पहले पहले रेनोवेशन शुरू होने के साथ सवाल उठने लगे। विरोध के बाद भी काम नही रूका। उम्मीद थी कि 16 सितंबर को सीएम बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे, लेकिन काम पूरा नही हुआ। अब 25 सितंबर को इस बिल्डिंग का उद्घाटन हुआ।

### प्रदेश में बदली अस्पतालों की लुक

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी नागरिक अस्पताल की लुक बदलने की परमिशन दी थी। जींद अस्तपाल की बिल्डिंग में बदलाव किया गया है। रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी है। लुक पर जोर दिया गया है। आने वाले दिनों में मरीजों व डॉक्टरों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। एडीसी की अध्यक्षता में कार्य करवाया जा रहा है।

### डीसी के दिशा-निर्देशों की होगी पालना : पीएमओ

पीएमओ डॉ. रघुवीर पूनिया ने कहा कि डीसी द्वारा निरीक्षण के दौरान जो भी बदलाव को लेकर बातें कहीं गई हैं, उन पर काम किया जाएगा। एमरजेंसी वार्ड को जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। वेंटिलेशन को लेकर किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी।



राजौंद। राजकीय महाविद्यालय में मौजूद दोनों कॉलेज के प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि

## दोनों ने एमओसी पर किए हस्ताक्षर

# दोनों कॉलेजों के शिक्षकों के अनुभव होंगे सांझा

- कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन किठाना तथा गवर्नमेंट कॉलेज राजौंद के बीच समझौता ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन,किठाना एवं गवर्नमेंट कॉलेज राजौंद कॉलेज के मध्य विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं और अनुभवी निर्देशन के लिए एक समझौता ज्ञापन एम ओ सी पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों संस्थाओं के मुखिया राम मेहर सिंह प्राचार्य गवर्नमेंट कॉलेज राजौंद और डॉ निर्मल सिंहरोहा प्राचार्या किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना के मध्य कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों पर समझौता हुआ। इसमें शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत अनुभवी शिक्षकों की गतिविधियों के आदान प्रदान साझे तौर पर जैसे वर्कशॉप,सेमिनार, शैक्षणिक व्याख्यान, विद्यार्थियों की इंटर्नशिप , आधारभूत संरचना , बहु विषयक, सांस्कृतिक उपलब्धियां व अनुभव के आदान प्रदान को बढ़ावा देना है।

### छात्र हित सर्वोपरि

प्राचार्या निर्मल सिरोहा ने बताया कि 10 सितंबर 2025 को हुए समझौते के अनुसार अब दोनों संस्थाएं एक दूसरे के साथ विद्यार्थियों के सार्वभौमिक विकास के लिए शैक्षणिक व शोध कार्यों में भी एक दूसरे के संसाधनों का प्रयोग और ज्ञान को साझा करेंगे। जिसका प्रभाव सीधे तौर पर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को उत्तम दिशा निर्देश देना है। दोनों प्राचार्यों ने सभी बिंदुओं और शर्तों पर लिखित रूप से कार्यालय सहमति जताई। समझौता न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि करेगा, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास होगा। यह सहयोग दोनों संस्थानों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस एमओसी के दौरान राजौंद कॉलेज से रविंद्र व विक्रम तथा किठाना कॉलेज से चेयरमैन रामफल ढांडा एम. डी विकास ढांडा मौजूद रहे।

# शहर को मिलकर बनाएं साफ-सुथरा

- नगरपालिका सचिव नें किया सफाई व्वस्था का किया निरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसी को लेकर नगरपालिका पुण्डरी नें प्रथम स्थान हासिल करने के लिए मुहीम तेज क़र दी है। पालिका सचिव नरेश कुमार नें बताया कि स्वच्छता में शहर को पहले स्थान पर लाने के लिए नपा की ओर से कवायद तेज शुरू कर दी गई है। और वे खुद जाकर सफाई व्वस्था का निरक्षण क़र रहे है। उन्होंने नें बताया कि यह अभियान 24 अगस्त से शुरू किया



पूंडरी। सफाई व्वस्था का जायजा करते सचिव नरेश कुमार। फोटो: हरिभूमि

### गीले व सूखे कूड़े के प्रति किया जागरूक

उन्होंने स्वच्छता के लिए शहर वासियों में जागरूकता की अपील की है। उन्होंने लोगों को गीले व सूखे कूड़े के बारे में लोगों को जानकारी दी। स्वच्छता के लिए जनता में जागरूकता लाने के लिए ओर मेहनत करनी होगी ओर लोगों को जानकारी देनी होगी। जिससे की आमजन अपने घरों में ही गीले व सूखे कूड़े को अलग रखे,ताकि वातावरण साफ रहें ओर आमजन निरोगी रहे। उन्होंने बताया कि जब हमारा वातावरण स्वच्छ एवं साफ सुथरा रहेगा ,तो लोगों में शहर की एक अलग पहचान बनेगी व शहर के लोग रोग मुक्त रहेगें।

# महिला हितों के प्रति संवेदनशील सरकार

- लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की पात्र महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये मासिक

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों, बेटियों और माताओं के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक और दूरगामी फैसले लिए हैं। विधायक रामकुमार गौतम गुरूवार को नागरिक अस्पताल सफीदों में आयोजित उपमंडल स्तरीय दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ पर महिलाओं व प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। देश में गत 17 सितंबर से आगामी दो अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में मैगा हेल्थ चैकअप शिविर का आयोजन किया गया तथा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र महिलाओं का पंजीकरण किया गया। रामकुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में एतिहासिक कदम लगातार उठा रही है।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक। फोटो: हरिभूमि

### इतिहासिक पहल

प्रदेश सरकार ने एक और एतिहासिक कदम उठाते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना मोबाइल एप का शुभारंभ किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीब पात्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। महिला सशक्तिकरण को भी एक नई दिशा मिलेगी। विधायक रामकुमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों की महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए और अब गरीब महिलाओं को मात्र 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। पहले बीमार असहाय महिला घर में शौचालय न होने की वजह से घर से देर सबेर बहुत दूर जाना पड़ता था।

### महिला सशक्तिकरण को सरकार प्रयासरत

*उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर नई योजनाएं ला रही है और प्रधानमंत्री मोदी हमेशा महिलाओं के उत्थान और उनके उज्ज्वल भविष्य की चिंता करते रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज का समय बड़ा ह शुभ है। गत 17 सितंबर से आगामी दो अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।*

## आरकेएसडी कालेज की डॉ. ऋतु कांग वालिया बनीं लेफ्टिनेंट

**कैथल।** डॉ. ऋतु कांग वालिया को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, ग्वालियर से प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद लेफ्टिनेंट की उपाधि प्रदान की गई। बता दें कि आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल के अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. ऋतु वालिया ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), ग्वालियर में तीन माह का सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और उन्हें प्रतिष्ठित लेफ्टिनेंट की उपाधि प्राप्त हुई है। ओटीए ग्वालियर में अपने प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यक्तिगत एवं समूह प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अर्जित किए।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर ने उन्हें लेफ्टिनेंट बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



कैथल। डा. ऋतु कांग को लेफ्टिनेंट बनने पर सम्मानित करते अधिकारी।

# 8वां पोषण माह कार्यक्रम आयोजित

- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

महिला एवं बाल विकास विभाग ने सेवा पखवाड़ा के तहत आठवां पोषण माह जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नागरिक अस्पताल में किया गया। संयुक्त निदेशक एवं नोडल अधिकारी पूनम रमन ने पौधरोपण कर बच्चों एवं महिलाओं को पोषण संबंधित जानकारी दी गई एवं हमारे जीवन में पौष्टिक तत्वों के महत्व बारे में भी रेसिपी के माध्यम से जानकारी दी गई साथ ही अन्नप्राशन क्या है एवं उसका बच्चे का आहार में होना क्यों आवश्यक है के बारे में जानकारी दी गई।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

### हस्ताक्षर अभियान शुरू

कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को सूजी की खीर व पौष्टिक दलिया भी खिलाया गया। मुख्य अतिथि, डीसी व एडीसी द्वारा पोषण की सेल्फी भी ली। इसकी निरंतरता में आठवें पोषण माह हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। विभाग द्वारा चलाई गई स्कीमों, पोषण, पीएमएमवीवाई, एमएमएसवाई, वन स्टॉप सेंटर, मिशन वात्सल्य आदि व बाल विवाह इत्यादि पर प्रशिक्षण सामग्री वितरित कर जनहित को जागरूक किया गया।

# केएम कॉलेज प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

केएम कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कपिल मुनि कॉलेज कलायत के सेवानिवृत प्राचार्य राजेश कुमार सैनी व सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर लाल सिंह रहे। राजेश कुमार सैनी ने कहा कि जो विद्यार्थी अपने अध्ययन समय में से समय निकालकर महाविद्यालय के लिए शैक्षणिक सांस्कृतिक और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय को गौरवान्वित होने का क्षण प्रदान करते हैं वे छात्र अपने गुरुजनों व माता.पिता की आंखों के तारे होते हैं। अपनी कड़ी मेहनतए लगन और समर्पण से उपलब्धियां प्राप्त करने वाले प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने पुरस्कृत होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

**शिक्षा के साथ खेलों को अपनाएं**



सम्मानित करते हुए।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के लगाया शिविर

**राजौंद।** स्वास्थ्य विभाग ने गांव नीमवाला में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य पीएम नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा ही संकल्प मुहिम के तहत भारत के हर घर में मौजूद महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना रहा। डॉ.फरमान अली, एमपीएचडब्ल्यू कमलेश व पूजा रानी की निगरानी में आयोजित शिविर का सुचारू रूप से आयोजन किया गया। जिसमें गांव की अनेक महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर के तहत सभी महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच जैसे कि नाक, कान, दंत रोग, रक्त जांच, रक्तचाप, शुगर, कैंसर, गर्भवती महिलाओं की जांच, तपेदिक, एनीमिया आदि की जांच स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गई और निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। शिविर में गांव की आशा वर्कर प्रेमोदेवी व आंगनवाड़ी वर्कर रेखा रानी, ऊषा और बबली ने भी सहयोग किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**पहल** अब स्कूलों के विद्यार्थी जानेंगे बिरसा मुंडे और रानी दुर्गावती की जीवन गाथा

# स्कूलों में मनेगा जनजातीय गौरव दिवस व रानी दुर्गावती की जयंती

विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों का करना चाहिए सम्मानः देशवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

स्कूलों में जनजातीय गौरव दिवस और रानी दुर्गावती जयंती मनाई जाएगी। इससे विद्यार्थी बिरसा मुंडे और रानी दुर्गावती की जीवनी के बारे में जान सकेंगे। जिन्होंने भारत को आजादी दिलवाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाड़ी साहसिक लड़ाई लड़ी थी। शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पांच अक्टूबर को रानी दुर्गावती जयंती व 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। हालांकि इस बार पांच अक्तूबर को रविवार होने के चलते स्कूलों में अवकाश है। ऐसे में चार अक्टूबर को रानी दुर्गावती जयंती मनाए जाने को लेकर निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों के योगदान को याद करते हुए जनजातीय गौरव दिवस और रानी दुर्गावती जयंती का राज्य के सभी शिक्षण संस्थानो में गरिमापूर्ण ढंग से आयोजन किया जा रहा है। केंद्र ने वर्ष 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा की थी। जो महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा का सम्मान करती है। वर्ष 2025 में वनवासी कल्याण आश्रम 151वीं जयंती के कार्यक्रम पूरे हरियाणा में मनेगा। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ मजबूती से लड़े थे।




### देश-प्रदेश की प्रगति में दें योगदान

जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल ने बताया कि युवाओं को चाहिए कि वे देश की प्रगति और उन्नति में योगदान दें। यही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से स्कूलों में जनजातीय गौरव दिवस और रानी दुर्गावती जयंती मनाए जाने को लेकर पत्र जारी हुआ है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में अवगत करवाना है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी।

### कैथल में तीसरे चरण की परीक्षा 28 को

**कैथल।** उल्लास के अंतर्गत जिला कैथल में तीसरे चरण की परीक्षा रविवार, 28 सितंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा राज्य सरकार की एजेंसियों डीएसई पंचकूला और एससीइआरटी गुरुग्राम के सहयोग से संपन्न होगी। डीइओ डा. विजय लक्ष्मी के नेतृत्व में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इससे पूर्व पहले व दूसरे चरण की परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं। इस परीक्षा में जिलेभर के 6000 से अधिक शिक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा का प्रश्नपत्र तीन विषयों – पढ़ना, लिखना एवं गणित – से संबंधित होगा। कुल 150 अंकों के इस प्रश्नपत्र में प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 33% अंक (5 ग्रेस अंक सहित) आवश्यक हैं।